जन्म दर में गिरावट के समाधान क्या हैं ?

दुनिया भर में गिरती जन्म दर के साथ दो अलग-अलग विचार चल रहे हैं। एक ओर अधिक बच्चे पैदा करने की बात की जा रही है, तो दूसरी ओर स्वस्थ लंबी उम्र पर शोध तेजी से बढ़ रहा है। दोनों ही विचारों के पक्ष और विपक्ष में तर्क दिए जा सकते हैं -

- जन्म दर बढ़ाने का विचार निरर्थक है। महिलाओं के पास जितनी अधिक शक्तियां होंगी, वे उतना ही कम पुरानी चाल में फंसेगीं। बच्चों की देखभाल का बोझ अंततः उन पर ही अधिक पड़ता है। कम होते कर्मचारी, कम होती जीडीपी तथा की वृद्धावस्था देखभाल के बढ़ते बोझ को लेकर दुनिया भर के नेता चिंतित हैं।

- दूसरी ओर, अगर स्वस्थ लंबी उम्र पर शोध वास्तव में सुरक्षित, सरल, किफायती समाधान दे सकता है, तो वृद्ध समाज की कुछ समस्याओं का समाधान किया जा सकता है; जैसे -

1) वृद्ध लेकिन स्वस्थ लोग लंबे समय तक काम कर सकते हैं। (कई देशों में कंपनियों ने सेवानिवृत्ति की उम्र को 65 कर दिया है)

2) स्वस्थ वृद्ध स्वास्थ्य सेवा को भी प्रभावित नहीं करते हैं।

3) अगर वृद्ध परंतु फिट और उत्पादक लोगों की पर्याप्त संख्या रहती है, तो बाजार भी अपने रुझान को बदल सकता है।

4) स्वस्थ वृद्ध उपभोग भी कम करते हैं। यह पृथ्वी पर जैव प्रणालियों को नष्ट करने का बोझ कम करेगा।

कुल मिलाकर, वृद्ध समाज एक दुखद अध्याय नहीं है। दूसरी ओर, अगर एआई उत्पादकता के क्षेत्र में चमत्कार करता है, तो कम होते युवा कर्मचारियों और उच्च पेंशन का बोझ ढोने की समस्या को कम किया जा सकता है। प्रश्न बहुत से हैं, लेकिन उत्तर मिलने अभी बाकी हैं।

'द टाइम्स ऑफ इंडिया' में प्रकाशित संपादकीय पर आधारित। 5 दिसंबर, 2024